म्युकस एक्सट्रैक्टर (बलगम निकालने वाला उपकरण) का इस्तेमाल करना



शिशु को सूखा व सही स्थिति में रखें। उसके कंधे के नीचे तह किया हुआ तौलिया रखें तथा उसका सिर जरा बाहर की ओर निकला हुआ रखें।

म्युकस एक्सट्रैक्टर को रोगाणु रहित रैपर से बाहर निकालें।

नली में लगे माउथ पीस को आप अपने मुंह में लगाएं। दूसरे सिरे को कम से कम एक हाथ की लंबाई की दूरी से पकड़ें।

नली के सिरे का उंगली बराबर भाग शिशु के मुंह में डालें तथा कुछ सेकंड तक खींचें। सिरे को उसके मुंह में चारों ओर घुमाएं ताकि सारा द्रव निकल जाए।

शिशु यदि रोने लगे और सामान्य तरीके से सांस ले तो रुकें। यदि ऐसा नहीं है तो अगला चरण अपनाएं।

म्युकस एक्सट्रैक्टर

नली का केवल तर्जनी उंगली के बराबर का भाग शिशु के गले में डालें तथा उसके गले में फसें द्रव को धीरे-धीरे खींचें।

शिशु यदि रोने लगे और सामान्य तरीके से सांस ले तो रुकें। यदि ऐसा नहीं है तो अगला चरण अपनाएं।

साफ नली को शिशु के गले तथा मुंह से बाहर निकालें तथा अगले सिरे को उसकी एक नथुने में डालकर हल्के से अंदर की ओर खींचें। यही क्रिया दूसरे नथुने में भी करें।

सांस सामान्य हो जाने पर म्युकस एक्सट्रैक्टर को उचित स्थान पर फेंक दें। (दोबारा इस्तेमाल न करें)